बेतवांचल

नवभारत
भोपाल, सोमवार 18 अगस्त, 2025



# प्रदेश व देश में समिति करेगी जांच

**खास बातें**

- दवा कंपनियों से किसानों को दिलाया जाएगा मुआवजा
- केंद्रीय कृषि मंत्री ने कीटनाशक दवाओं से खराब फसलों को देखकर जांच के दिए निर्देश
- जांच समिति गठित कर पूरे देश में घटिया कीटनाशक बनाने वाली कंपनी पर होगी कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**विदिशा 17 अगस्त,** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा के ग्रामीण क्षेत्र ग्राम छीरखेड़ा पहुंचे जहां उन्होंने कीटनाशक दवा उपयोग से खराब हुई फसलों का जायजा लिया.उन्होंने स्पष्ट कहा कि एनडीए गठबन्धन और मोदी सरकार किसानों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होने देगी. उन्होंने दवा कंपनी से पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाए जाने से संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए हैं.विदिशा में दवा कंपनी पर एफआईआर हुई थी उस पर आगे क्या कार्रवाई हुई है? इसकी जानकारी ली ओर इसके बारे में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए एवं विधायक मुकेश टंडन को इसका फालोअप करने और आगे कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया.

### भड़के केन्द्रीय मंत्री

इस दौरान किसान भगवान सिह लोधी ने शिकायत दर्ज करवाई और एक प्रतिवेदन जिस पर कृषि महाविद्यालय रायसेन के वैज्ञानिक का प्रस्तुत किया.जिसमे वैज्ञानिक द्वारा दवा का असंतुलीत प्रयोग करने का हवाला दिया था. जिसको पढ़ कर केंद्रीय कृषि मंत्री भड़क गए और उन्होंने उक्त वैज्ञानिक पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं. उन्होने कहा कि इस प्रतिवेदन से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दवा कंपनी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं.

### शिकायत के लिये करेंगे नम्बर जारी

केन्द्रीय मंत्री ने किसी भी सूरत में किसानों को नुकसान न होने की बात कही.एक समिति बनाकर पूरे प्रदेश में एवं देश में जांच की जाएगी.जिस किसान की कीटनाशक के प्रयोग से फसल बर्बाद हुई है या फिर नकली खाद की वजह से फसल को कोई फायदा नहीं हुआ है, उन सभी कंपनी पर भी कार्रवाई की जाएगी.दवा कंपनियों से किसानों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शीघ्र की जाएगी.शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्वदेशी मार्च तिरंगा यात्रा के दौरान इस संबंध में शिकायत मिली थी और फसल बर्बाद भी हुई है सही स्थिति अपनी आंखों से देखने के लिए यहां आए हैं.उन्होंने पूरे देश के किसानों से अपील की है कि जिस भी किसान को इस प्रकार की परेशानी है और नुक्सान हुआ है तो बह हम तक शिकायत पहुंचाएं कारवाही करेंगे.इसके लिए एक नंबर भी जारी करेंगे. शिकायत मिलने के बाद उसकी जांच होगी शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित कंपनी पर कार्रवाई की जाएगी.किसी कंपनी को छोड़ा नहीं जाएगा.

# चोरी गई इमारत की मरम्मत फिर हुई शुरू

**कौन करा रहा है निर्माण किसी को नहीं पता**

**पीडब्ल्यूडी और जिला पशु चिकित्सा कार्यालय के अधिकारी बेखबर**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 17 अगस्त,** करीब 30 लाख की लागत से बने जिला पशु चिकित्सा कार्यालय की इमारत आधे से ज्यादा चोरी हो गई है. न तो इसका रख रखाब किया गया और न ही देख रेख की गई.जिसके चलते यह बनने के बाद ही खण्डर हो चुकी है और इसका आधे से ज्यादा सामान चोरी हो गया है. इसकी जानकारी कलेक्टर से लेकर जिले के प्रभारी मंत्री तक को दी गई थी. जिसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था.रविवार की दोपहर खण्डर हो चली इमारत का काम शुरू हो गया है. यह निर्माण कार्य कौन करा रहा है इसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं है. कलेक्टोरेट केंपस में जिला पंजीयक कार्यालय के पास करीब 10 साल पहले जिला पशु चिकित्सा कार्यालय का निर्माण कार्य शुरू किया गया था. इस भवन के निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्लूडी और हाऊसिंग बोर्ड के पास थी. दोनो विभागों ने दो मंजिला इमारत का निर्माण किया था. शुरूआत से ही इसके निर्माण और गुण्वत्ता को लेकर सवाल उठते आ रहे थे जिसके चलते जिला पशु चिकित्सा के अधिकारियों ने इस भवन को अपने हेंड ओवर नहीं लिया. जिसके बाद यह भवन खण्डर हो गया था. बताया गया कि इस भवन के गेट, टाईल्स, और खिड़की दरवाजे तक चोरी हो गए थे. रविवार को जब इस भवन की मरम्मत के बारे में पीडब्लूडी के ईई बुंदेल सिंह और जिला पशु चिकित्सा उपसंचालक के नरेंद्र शुक्ला से जानकारी ली गई तो दोनों अधिकारियों का कहना था कि निर्माण कार्य कौन कर रहा है इसकी जानकारी नहीं हैं.

## सफाई कार्यों में लापरवाही में कर्मियों पर होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने रविवार की प्रात: विदिशा नगर में भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया. सबसे पहले उन्होंने विदिशा के बस स्टैंड क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्यों को देखा. इस दौरान उन्हें शहर के युवा आयुष कटारे और उनके साथियों द्वारा शहर को साफ स्वच्छ रखने की इस मुहिम में शामिल होकर सफाई के लिए किये जा रहे कार्यों को देखा तो उन्होंने युवाओं द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किया जा रहा है कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनकी हौसला अफजाई किया.कलेक्टर श्री गुप्ता युवाओं का जज्बा देखकर खुश हुए और कहा कि यह देखकर संतोष होता है कि हमारे शहर के युवा जागरूक होकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझ रहे हैं.उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि शहर के युवा स्वप्रेरणा से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में हर रविवार सफाई अभियान चलाते हैं और लोगों को भी सफाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं.सबको अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए जिससे हमारा अपना शहर साफ-स्वच्छ होगा.निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी क्षेत्र में कचरे के ढेर और गंदगी फैली हुई मिली.सफाई कर्मचारी और जिम्मेदार अमला मौके पर मौजूद नहीं था.वहीं दुकानदारों ने भी सफाई नही होने की शिकायत की तो कलेक्टर ने सफाई व्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी हर वार्ड में तैनात रहते हैं, लेकिन मौके पर अनुपस्थित रहना गंभीर लापरवाही है.उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर त्वरित कार्यवाही की जाए.

## अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि एवं संत रामकृष्ण परमहंस व अवंती बाई लोधी की जयंती मनाई



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि मनाई गई एवं संत रामकृष्ण परमहंस व अवंतीबाई लोधी जी की जयंती मनाई गई.कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ की संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं अरविंद अवस्थी द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस की सभी उपस्थित सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील पिंगले द्वारा विचार व्यक्त करते हुए अटल बिहारी वाजपेई एवं संत रामकृष्ण परमहंस अवंती लोधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उन्हें सदी का महान नायक बतलाया एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्डतिथि पर 2 मिनट का मोहन धारण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया.इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोड़ा नरेंद्र जैन अमित सोनी प्रदीप अरोड़ा बबलू राय कैलाश नेमा राम सिंह कल सोनी सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे.

## किन्नर गुरु मुन्ना मामा ने कालापठार शाला में बोरवेल लगवाने की घोषणा की

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, अपनी उत्तम शिक्षण एवं उच्च स्तरीय सर्व सुविधाओ से युक्त संसाधनों के लिए पूरे जिले में प्रसिद्ध शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार के बारे में जानकर किन्नर गुरु मुन्ना नायक मामा जी शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार झंडाबंधन के समय छात्रो और ग्रामबासयो को लड्डू और मिठाई लेकर पहुंचे शाला मे पहुंचकर शाला की व्यवस्थाओं को देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई.**

विद्यालय में छात्रो और शिक्षकों को शाला का नाम लिखी हुई ड्रेस रसोईया भी ड्रेस मे मां सरस्वती का मंदिर शीतल और साफ पानी के लिए आरो, बाटरकूलर ,छात्रों को सीखने हेतू कम्प्यूटर ,पडाई हेतू प्रोजेक्टर,एल सी डी,भोजन के लिए डायनिंग,कक्षाओं में शिक्षा अध्ययन करने सुंदर स्टील का फनीर्चर,मनोरंजन और ज्ञानबर्धक पुस्तकालय,शाला की प्रत्येक गतिबिधि पर नजर रखने कैमरे,प्रधानाध्यापक कक्ष से संचालित प्रत्येक कमरे मे लगे हुए साउण्ड सिस्टम,प्रार्थना और गतिबिधियो के लिए साउण्ड,कलर पुट्टी सहित प्रिंट वातावरण जानकारी लिखी हुई सुंदर दीबाले,शाला मे सुंदर वृक्ष और फूलो की क्यारिया,सम्पूर्ण शाला मे टाइल्स देखकर छात्रो से चर्चा कर अनुशासन पढाई देखकर मुन्ना मामा प्रसन्न हो गये और शाला प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी और छात्र छात्राओ को दिल से ढेरो आशीष देने लगे.खुश होकर मामा ने शिक्षकों से शाला मे आवश्यकता के बारे मे पूछा तो शाला प्रभारी ने पानी की कमी बताया तब उन्होंने झंडाबंधन उपरांत छात्रो और ग्रामबासियो के समक्ष कहा की में शाला में बोरवेल लगवाने की घोषणा करता हूं मैं अपनी तरफ से स्कूल में बोर करवा कर नल लगवाने की व्यवस्था करूंगा ऐसी सुंदर व्यवस्था मेने किसी शाला मे नही देखी हमारा फर्ज है कि शाला मे शिक्षको को कोई परेशानी न आएं बह जिस ईमानदारी से काम कर रहे है वह काबिले तारीफ है अगर शासकीय शालाओ मे ऐसे शिक्षक हो तो गरीब ,एससी, एसटी के छात्रो के मन से प्राइबेट शालाओ मे पडने की लालसा ही नही रहेंगी और बच्चे शासकीय शालाओ मे ही शिक्षा ग्रहण कर आगे बढेंगे.

बगैर शासकीय सहयोग के जनप्रतिनिधियों,समाजसेवियों,शिक्षक साथियो और स्यमं के द्वारा सहयोग करके शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने जिस तरह शाला को उत्कृष्ट,सर्वसुविधा युक्त बनाया है बह काबिले तारीफ है.इस अवसर पर शिक्षक गोपालदास अहिरवार,कंचन अहिरबार आरती अहिरवार गंगा सैन ओमबती लोधी ग्रामवासी और छात्र छात्राए उपस्थित थे.शाला प्रभारी और अन्य शिक्षको ने मुन्ना मामा का ह्रदय से आभार व्यक्त किया.



## जन मन से बनाई जा रही सीसी सड़क

नवभारत न्यूज

**पठारी,** नगर के आदिवासी पिछड़ा मोहल्ले में जनमन योजना के तहत सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है.ग्राम पंचायत द्वारा 5 लाख की लागत से 600 फीट लंबी सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है.ग्राम पंचायत सरपंच राखी अखिलेश पंथी ने बताया कि विगत दिनों कलेक्टर अंशुल गुप्ता के दौरे के दौरान आदिवासी नागरिकों से रूबारू हुए थे तब आदिवासी पिछड़ा नागरिकों ने सीसी सड़क बनाए जाने की मांग की थी जिसके चलते कलेक्टर ने ग्राम पंचायत को निर्देश दिए थे.ग्राम पंचायत द्वारा जनमन योजना के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा है.

## नए विद्यार्थियों का अभिनंदन कर सिखाएंगे तौर-तरीके

**एसएटीआई में सम्राट उदय-2025 आज से**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान डिग्री में प्रथम वर्ष बी.टेक. के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए पाँच दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्राट उदय-2025 का शुभारंभ सोमवार 18 अगस्त 2025 से होने जा रहा है. कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन संस्थान प्रबंधन, निदेशक डॉ. वायके जैन एवं वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में होगा. इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राजीव अग्रवाल (प्रसिद्ध लाइफ कोच, इंडस्ट्रियलिस्ट, मोटिवेशनल स्पीकर एवं ह्यूमन स्किल्स विशेषज्ञ विशेष रूप से विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे.उनके प्रेरणादायी विचार विद्यार्थियों को जीवन एवं करियर के नए आयाम समझने में मदद करेंगे.इसी दिन डीन ऐकेडिमक डॉ. आलोक जैन नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रक्रिया, परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रक्रिया तथा स्वयं एनपीटीईल कोर्सेस के विषय में जानकारी देंगे.**

एसएटीआई के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मानोरिया ने बताया कि पांच दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्राट उदय-2025 का समापन 22 अगस्त को होगा. पाँच दिवसीय इस आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को अकादमिक दिशा-निर्देश, करियर काउंसलिंग, संस्थान की गतिविधियों की जानकारी, तथा विभिन्न विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास की रूपरेखा से परिचित कराया जाएगा.विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं प्रभाग प्रभारी संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराएंगे तथा सांस्कृतिक आयोजन एवं खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी. उल्लेखनीय है कि इस वर्ष एसएटीआई में ऐतिहासिक एडमीशन हुए हैं। बी.टेक प्रथम वर्ष में 804 सहित एमबीए, एमसीए एवं एमएससी में मिलाकर 900 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है.

## श्रीकृष्ण के अन्दर जो मूल्य और विशेषताएं हैं उन्हें अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता-रुक्मणी दीदी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.जिसमें श्री कृष्णा की बहुत सुंदर झांकी सजाई गई. ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्म से ही इतने महान थे तो अवश्य ही उन्होंने पूर्व जन्म में कोई महान पुण्य किया होगा जिससे ही उन्होंने सर्वश्रेष्ठ देव पद तथा राज्य-भाग्य प्राप्त किया था.श्रीकृष्ण को योगीराज भी कहते हैं उनके जीवन में किसी वस्तु, भोग्य, आयुष्य आदि की कमी नहीं थी क्योंकि उन्होंने अपने पूर्व जन्म में योगाभ्यास किया होगा. श्रीकृष्ण के नाम के साथ तो श्री की उपाधि का प्रयोग करते हैं परंतु अपने जीवन में श्रेष्ठता लाने पर हमें विचार करना चाहिए.श्रीकृष्ण को मनमोहन अर्थात् मन को मोह लेने वाला कहा गया है क्योंकि उनका किसी व्यक्ति, वस्तु, वैभव में मोह नहीं था बल्कि सभी के मन को वे आकर्षित करने में सक्षम थे. कृष्ण शब्द का भी अर्थ है- आकर्षित करने वाला, बुराइयों से छुड़ाने वाला अथवा आनंद स्वरुप अत: आज आवश्यकता है नवचेतना की, अपने जीवन के नवनिर्माण की नए एवं उज्ज्वल विचारों की, उस नए वितान में नए तरीके से श्रीकृष्ण का शुभागमन होगा, सुखद आगमन होगा, स्वर्गिक शासन होगा. परमात्मा निराकार शिव उसी नवयुग की स्थापना कर रहे हैं जिसमें श्रीकृष्ण पुन: इस सृष्टि पर अवतरित होंगे.दैनिक दिनचर्या में रहते हुए अपने अन्दर छिपे उन तमाम अदृश्य शत्रुओं का एक-एक कर नाश करना होगा.

## हर सार्वजनिक स्थल स्वच्छ अभियान का शुभारंभ

**बगरोदा के युवाओं ने लिया स्वच्छता का संकल्प**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** ग्राम बगरोदा के युवाओं ने सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता हेतु अभियान शुरू किया है. हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छ की तर्ज पर अब समिति ने हर सार्वजनिक स्थल, हर मंदिर परिसर स्वच्छ का नारा दिया है. रविवार को मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था सर्वधर्म जनकल्याण सेवा समिति बगरोदा ने बाग वाले श्री हनुमान मंदिर परिसर में अभियान का शुभारंभ किया. पूर्व में समिति ने हर रविवार को मंदिर, मुक्तिधाम, स्कूल एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई कर मिसाल पेश की थी. समिति अध्यक्ष सुनील रघुवंशी ने मंदिर में निजी व्यय पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए. कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्यों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया. समिति के सदस्यों ने गांव के प्रत्येक सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में समाजसेवी वीरेंद्र रघुवंशी, सर्वधर्म जनकल्याण सेवा समिति के संयोजक प्रमोद रघुवंशी, बहादुर सिंह, दीपक ठाकुर, राकेश सिंह, नरेंद्र रघुवंशी, किशन सोनी, डॉ. विकास कुमार, भूपेश, शिवम रघुवंशी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे.

## आर्मी भर्ती रैली 22 अगस्त से 2 सितंबर तक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता ने जिले में बाईस अगस्त से दो सितंबर तक आयोजित होने वाली आर्मी रेली भर्ती रैली का आयोजन व प्रदाय सुविधाओं सहित अन्य बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति समयावधि में संबंधितों को मिले इसके लिए क्रियान्वित विभागों के अधिकारियों को विशेष निर्देश प्रसारित किए गए हैं.अग्निवीर सेना भर्ती रैली आयोजन अवधि 20 अगस्त से 2 सितंबर तक अभ्यार्थियों के लिये आवश्यक स्टाप पेपरों की प्राप्ति निर्धारित दरों पर हो सकें इसके लिए वरिष्ठ जिला पंजीयक श्रीमती क्षिप्रा सेन द्वारा पहल की गई है.

## नगर में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस, लहराया तिरंगा



नवभारत न्यूज

**सांची,स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया. शासकीय व अशासकीय संस्थानों के साथ ही घर-घर तिरंगा लहराया. नगर की सड़कों पर स्कूली छात्रों की विशाल रैली निकली, जिसमें हजारों की संख्या में विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए.जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों और वंदेमातरम की गूंज से पूरा नगर गूंजायमान हो उठा.**

इस ऐतिहासिक नगर में सुबह से ही राष्ट्रीय गीतों की धुन वातावरण को देशभक्ति से सराबोर करती रही.सीएमराइज सहित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने हाथों में तिरंगा लिए रैली निकालकर देशभक्ति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया.नगर परिषद कार्यालय में विधायक डॉ. प्रभूराम चौधरी ने ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, सीएमओ रामलाल कुशवाहा सहित पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे.जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया. थाना परिसर में थाना प्रभारी ने तिरंगे को सलामी दी. बस स्टैंड परिसर स्थित पत्रकार संघ कार्यालय में वरिष्ठ पत्रकार एवं संगठन के पदाधिकारी दिनेश जोशी ने ध्वजारोहण किया, जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से

**आयोजन** — नवमी पर मंदिरों में दर्शनों के लिए उमड़ा जनसैलाब, बाल कृष्ण की छवि निहारने लगा श्रद्धालुओं का तांता

# कान्हा के दर्शनों के लिए लगीं कतारें

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत नवमी के अवसर पर रविवार को भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों में भगवान कान्हा के दर्शनों के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. इसके पूर्व शनिवार को रात्रि में मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया. इस दौरान मंदिरों में फूलों की आकर्षक सजावट की गई. साथ ही भजन, कीर्तन के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.** नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शनिवार रात्रि में मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया. इस मौके पर भगवान की आरती की गई एवं प्रसादी का वितरण हुआ. वही रविवार को नवमी पर मंदिरों में दिनभर भगवान कान्हा के दर्शनों के लिए लोगों की कतार लगी रही. लोगों ने भगवान के दर्शन कर आराधना की.

### मंदिरों में हुई फूलों की आकर्षक सजावट

इस मौके पर क्षेत्र के मंदिरों में फूलों की आकर्षक साज सज्जा की गई. मंदिर समितियों द्वारा भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया. वही मंदिरों में विभिन्न प्रकार के आकर्षक फूलों के माध्यम से मनभावन सजावट एवं श्रृंगार किया गया. जिसने लोगों का मनमोह लिया. वही मंदिरों में भव्य झांकियां भी सजाई गई. इस दौरान मंदिरों में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगा रहा.

### ग्वाल चवेनी का हुआ वितरण

इस मौके पर मंदिरों में ग्वाल चवेनी वितरण किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की. वही मंदिरों में भजन, कीर्तनों के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.



## विधायक मीणा का हुआ स्वागत

**विदिशा.** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा का स्वागत किया गया.इस दौरान पंचायतों के सरपंच समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.